परियोजना की गतिविधियों का लक्ष्य ग्रामीण जनता के लिए स्वच्छ पानी के लिए स्थायी विकल्प बनाना है। लम्बी अवधि के स्थानिक–सामायिक श्रृंखला के रूप में पोषक तत्वों और कीटनाशकों के प्रभाव के बारे में एक समझ विकसित करने के लिए कुछ कार्य शामिल किये गये हैं जो इस प्रकार हैं। डाटा संग्रह, पीढ़ी, विश्लेषण, सुदूर संवेदन (रिमोट सेंसिंग) और भौगोलिक सूंचना प्रणाली (जीआईएस) का मानचित्रण और मैदानी प्रयोग आदि। अभ्यास, परीक्षण, सत्यापन, चयनित मॉडल के तुलनात्मक मूल्यांकन के उद्देश्य को एक उपयुक्त एस डी एस एस मॉडल के विकास के लिये शामिल किया गया है। विभिन्न मानकों का उपयोग करते हुए नक्शों का निर्माण भी इस परियोजना के तहत एक महत्वपूर्ण कार्य है। उपयुक्त मॉडल के विकास के लिए इस परियोजना में किये कार्य के अंतर्गत एक आधार मानचित्र को बनाने के लिए आवश्यक अध्ययन के क्षेत्र से क्षेत्र का डाटा एकत्रीकरण को भी शामिल किया गया है। अध्ययन क्षेत्र का आधार मानचित्र एक जलग्रहण क्षेत्र और दो नालों को दर्शाता है, जिनके नाम गेरवा नाला और गोदर नाला हैं। मगरपुंछ जलग्रहण क्षेत्र का नामकरण उस ग्राम के नाम के आधार पर किया गया है, जिसका नाम मगरपुन्छ है, जहाँ दोनों नाले मिलते हैं। मध्य प्रदेश जिला रायसेन, ब्लाक ओबेदुल्लागंज के कई ग्रामों के क्षेत्र सर्वेक्षण के आधार पर मगरपुंछ जलग्रहण क्षेत्र का चयन किया गया। चयनित क्षेत्र में नदी (नाला) के जल प्रवाह मापने के बारे में डाटा संग्रह शुरू कर दिया गया है।



मगरपुंछ जलग्रहण क्षेत्र का आधार मानचित्र

मगरपुंछ जलग्रहण क्षेत्र के गेरवा नाले में जल स्टार मापन

मगरपुंछ जलग्रहण क्षेत्र के गेरवा नाले पर कार्य क्षेत्र

मगरपुंछ जलग्रहण क्षेत्र में ग्रामीणों से चर्चा

## सीएसआईआर नॉलेज गेटवे एण्ड ओपन सोर्स प्राइवेट क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर (नोगेट)

इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य (अ) सीएसआईआर प्राइवेट क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी सॉल्यूशन सेल (ओ एस एस टी एस सी) के माध्यम से कम्प्यूटेशनल विज्ञान के प्रति सी एस आई आर की क्षमता में वृद्धि (ब) ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर का प्रयोग करते हुए एक समेकित पुस्तकालय प्रबंधन सॉल्यूशन के माध्यम से विभिन्न सी एस आई आर संस्थानों में ज्ञान संसाधन केन्द्रों की स्थापना, (स) सी एस आई आर डिस्ट्रिब्यूटेड लाइब्रेरी कैटेलॉग शेयरिंग, अंतर पुस्तकालय ऋण एवं प्रलेख सप्लाय हेतु रेफरल सेवाओं के माध्यम से विभिन्न सी एस आई आर संस्थानों के बीच सूचना संसाधन साझा करना एवं (द) बहुआयमी विश्लेषणों का प्रयोग कर सी एस आई आर के अनुसंधान, प्रौद्योगिकी एवं अनुसंधान आँकड़ो का विश्लेषण है। इसके परिणाम से विविध सी एस आई आर प्रयोगशालाओं में मौजूद अनुसंधान एवं विकास विशेषज्ञताओं तथा अन्य ज्ञान संसाधनों को सभी सी एस आई आर प्रयोगशालों से साझा करने हेतु मंच स्थापित तथा उपलब्ध कराना है। इस कार्य को इस तथ्य से बल मिलता है कि विभिन्न प्रक्षेत्रों में बड़ी मात्रा में आँकड़ों/सूचनाओं के प्रबंधन हेतु सूचना प्रौद्योगिकी टूल्स का प्रयोग आज वर्तमान परिदृश्य की प्राथमिक आवश्यकता बन गया है। इसके अतिरिक्त ओपन सोर्स, बड़ी मात्रा में आँकड़े/सूचना संकलन, ज्ञान प्रबंधन, कार्य निष्पादन प्रबंधन आदि का क्लाउड कम्प्यूटिंग के माध्यम से प्रबंधन किया जा सकता है। क्लाउड कम्प्यूटिंग को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में सेवा नवाचारों तथा प्रक्रम रूपांतरणों हेतु उत्प्रेरक के रूप में देखा जा सकता है। इस प्रक्रम से आपसी लाभ के लिए अंततः ओपन एक्सेस सूचना प्रणाली तक पहुँच वाले केन्द्रीय सर्वर में विविध रूपों में उपलब्ध सूचना का विधिवत प्रलेखन तथा अपलोडिंग शामिल है। इसके विभिन्न रूपों में उपलब्ध सूचना का अधिक प्रभावी प्रलेखन होगा तथा उसके पुनर्प्राप्ति/उपयोग में प्रभाविता में वृद्धि होगी। इससे बहुआयामी विश्लेषणों का प्रयोग करते हुए संबंधित आँकड़ों एवं सी एस आई आर अनुसंधान, प्रौद्योगिकी एवं संबंधित आँकड़ों का विश्लेषण एवं डॉक्यूमेन्ट सप्लाय सेवा हेतु सी एस आई आर डिस्ट्रिब्यूटेड पुस्तकालय, कैटेलॉग शेयरिंग, अंतरपुस्तकालय ऋण तथा रेफरल सेवाओं की स्थापना द्वारा सी एस आई आर संस्थानों के बीच सूचना संसाधनों की शेयरिंग अपेक्षित है।

# बाह्य निधि प्राप्त परियोजनाएं

## ग्रीनहाउस गैसों के प्रभाव को रोकने हेतु हाइपरब्रांच्ड एलुमिना सिलिका और मेसोपोरस सिलिका पदार्थ के विकास के लिए मध्य प्रदेश के सस्ते खनिज की उपयोगिता

एक अनूठे हाइपरब्रांच्ड एमिनो सिलिका (HAS) पदार्थ, $CO_2$ अधिशोषक, जो कि एक सस्ता और प्रभावकारी है, का संश्लेषण एलुमिना सिलिकेट खनिज (pyrophyllite) के उपयोग से किया गया है। उच्च क्षारीय सेरिसिटिक pyrophyllite एक बहुत ही सस्ता खनिज है, जो कि बहुतायत में मध्य प्रदेश राज्य में पाया जाता है। इसका अधिकतम उपयोग आर्गेनिक डाई, इनऑर्गैनिक धातु आयन और अवशिष्ट गैसों के अधिशोषण में होता है। वर्तमान अनुसन्धान कार्य, pyrophyllite की उपयोगिता, पोरस सिलिका पदार्थ के संश्लेषण हेतु और फिर उसका रूपांतरण अजिरिडाइन द्वारा $CO_2$ अधिशोषक के रूप में, की जांच के लिए किया गया है। HAS का संश्लेषण टू स्टेप विधि से किया गया है। पहले स्टेप में, pyrophyllite से पोरस सिलिका (PMS) का संश्लेषण किया गया। दूसरे स्टेप में PMS को अजिरिडाइन से ट्रीट किया गया। PMS तथा HAS का $CO_2$ अधिशोषण के प्रभाव के लिए अध्ययन किया गया। संश्लेषित मैटेरियल्स का विभिन्न इंस्ट्रुमेंटल तकनीकों जैसे, XRD, FTIR, SEM, BET Surface area analyzer द्वारा $CO_2$ अधिशोषण के पहले और बाद में किया गया। अधिकतम $CO_2$ अधिशोषण की क्षमता PMS एवं HAS मटेरियल का क्रमशः 111.7mg/g, 267.2mg/g पाया गया।

## डक्टाएल पदार्थ की फ्रैक्चर टफनेस निकालने हेतु सांख्यिकी स्ट्रेच जोन विड्थ का विशेषीकरण

सांख्यिकी विधि के द्वारा स्ट्रेच जोन विड्थ निकालने की विधि को स्थापित करने का एक प्रयास किया गया है जो कि फलस्वरूप डक्टाएल मटेरियल की फ्रैक्चर टाफ्नेस निकालने में सहायक होगा। यह विधि स्ट्रेच जोन विड्थ पर आधारित है इसलिए यह विधि स्पेसिमेन ज्योमेट्री पर आधारित मूलतः कम होगी। इस अध्ययन में रिलेटिव क्रैक साइज, स्पेसिमेन की मोटाई और ज्योमेट्री के बदलाव को समझने की कोशिश की है। इस अध्ययन में दो धातुओं (Mod 9Cr1Mo और 20MNMoNi55) का इस्तेमाल किया गया है, जो कि भारत के परमाणु संयंत्र में इस्तेमाल होते हैं। फ्रैक्चर स्पेसिमेन की मोटाई के साथ क्रिटिकल स्ट्रेच जोन विड्थ के बदलाव का अध्ययन किया गया है और साथ में इसकी जाँच न्यूनतम फ्रैक्चर स्पेसिमेन की मोटाई, जो विभिन्न साहित्य में दर्शायी गयी है, उसमें ए. एस. टी., E- द्वारा डी गयी न्यूनतम फ्रैक्चर स्पेसिमेन की मोटाई भी शामिल है।

सांख्यिकी विधि के द्वारा पता लगाया है कि क्रिटिकल स्ट्रेच जोन विड्थ पर रिलेटिव क्रैक साइज के बदलाव का असर नहीं होता है। यही निष्कर्ष दो धातुओं (Mod 9Cr1Mo और 20MNMoNi55) पर किये गए प्रयोग से भी निकलकर आया है। यद्यपि प्रयोग और सांख्यिकी विधि के द्वारा यह निकलकर आया है कि क्रिटिकल स्ट्रेच जोन विड्थ फ्रैक्चर स्पेसिमेन की मोटाई के साथ कुछ विशिष्ट मोटाई तक परिवर्तित होती है। यह भी निकलकर आया है कि न्यूनतम फ्रैक्चर स्पेसिमेन की मोटाई प्रयोग में लेने के जो भी क्राइटेरिया साहित्य में दिए हुए हैं, जिसमे ए.एस.टी. एम. सम्मलित है, वह पूरी तरह मान्य नहीं हैं। उक्त धातुओं की इनीसीएशन फ्रैक्चर टफनेस की सांख्यिकी विधि के द्वारा निकाली गयी संख्या, प्रयोग द्वारा निकाली हुई संख्या से मेल खाती हुई प्रतीत हुई।

इस अध्ययन कार्य को विस्तार करते हुए इसे मिक्स्ड मोड (I/III) के फ्रैक्चर की स्थिति में क्रिटिकल स्ट्रेच जोन विड्थ संख्या, सांख्यिकी विधि द्वारा निकालने की विधि को भी स्थापित किया गया है। मिक्स्ड मोड (I/III) के फ्रैक्चर की स्थिति में एक सांख्यिकी का विकास किया है, जिससे क्रिटिकल स्ट्रेच जोन विड्थ तथा इनीसीएशन फ्रैक्चर टफनेस संख्या निकाली जा सकती है। यही संख्या को प्रयोग द्वारा भी निकालके देखा गया है जिसमें सांख्यिकी विधि से निकाली हुई संख्या की पुष्टि हुई है। इस नई विकसित विधि से ब्लंटेड क्रैक फ्रंट में क्रिटिकल स्ट्रेच जोन विड्थ के निर्माण की क्रियाविधि को समझने में भी सहायता मिली है।

भिन्न मोटाई के सी टी नमूने




सी टी नमूने की मोटाई एवं क्रिटिकल SZW

30° मोड मिक्सिटी (I/III)



झुकी हुई सामने की दरार के साथ FEM मॉडल

साइड ग्रूविंग के साथ मिक्स्ड मोड फ्रैक्चर नमूने

## टेक्सटाइल्स की बहुकार्यात्मक फिनिशिंग हेतु नैनोकणों से स्थाई हायड्रोफिलिक एवं हायड्रोफोबिक कोटिंग के लिए प्रक्रम का विकास तथा अनुकूलतमीकरण

यह गतिविधि मिन्हो विश्वविद्यालय, पुर्तगाल के साथ द्विपक्षीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत जारी है। प्रस्तावित अध्ययन का अंतिम उद्देश्य यू वी प्रतिरोध, एन्टीबैक्टीरियल, अग्निरोधक एवं दुर्गन्ध प्रतिरोधक फिनिशिंग के टेक्सटाइल गुणों के विकास के उद्देश्य से कोपॉलिमर्स आधारित पॉलिमर नैनो सम्मिश्रों तथा अकार्बनिक नैनों कणों का प्रयोग करते हुए नैनोफिनिश्ड टेक्सटाइल्स के उत्पादन हेतु प्रक्रम विकास एवं अनुकूलतमीकरण तथा बुनियादी सिद्धान्तों की स्थापना है।

टेक्सटाइल्स की कार्यात्मकता के लिए वर्तमान गुणों में विकास तथा नए पदार्थ गुणों का सृजन सबसे महत्वपूर्ण कारण है। पॉलिमर नैनोसम्मिश्रों में टेक्सटाइल्स के लिए नैनोफिनिशिंग पदार्थों की नई श्रेणी के विकास की संभावना है, जिनमें अपना बहुस्तरीय संरचना–गुण संबंध होता है, जो परोक्ष रूप से उनके घटकों तथा उनके माइक्रो तथा मैक्रो स्तरीय सम्मिश्र समकक्षों से संबधित है। हाँलाकि विभिन्न आयामों तथा रसायन संरचनाओं में तैयार किए जा सकने वाले अकार्बनिक फिलर्स सहित पॉलिमर नैनो सम्मिश्र बनाना संभव है, इन नए पदार्थों की संभावनाओं की सम्पदा को सामने लाने का केवल प्रयास प्रारंभ हुआ है। विभिन्न अकार्बनिक घटकों द्वारा पॉलिमर नैनोसम्मिश्रों के विकास के प्रयास से बड़ी मात्रा में अतिरिक्त कार्यात्मकताएँ सामने आ सकती हैं, जिनकी माँग टेक्सटाइल उद्योगों में बढ़ रही है।

इस शोध कार्य में जिंक ऑक्साइड नैनोकण वेट केमिकल विधि द्वारा बनाए गए थे। जिंक ऑक्साइड–पीएमएमए नैनोकण पीएमएमए घोल में जिंक ऑक्साइड नैनोकणों को छिड़ककर तैयार किए गए। यह सम्मिश्र पॉलीएमाइड वस्त्र सतह को अति हायड्रोफोबिक एवं यू वी संरक्षित होने का गुण प्रदान करना है। इस नैनोफिनिश्ड पॉलीएमाइड वस्त्र में लगभग $163^{0}$ की अति हायड्रोफोबिकता दिखाई दी। परिणामों से यह भी ज्ञात हुआ कि जिंक ऑक्साइड – पी एम एम ए नैनोफिनिशिंग से पॉलीमाइड वस्त्र के यू वी संरक्षण में भी वृद्धि की।

पॉलिमर एडसॉर्ब्ड जिंक ऑक्साइड नैनोकणों के एफ टी – आई आर अध्ययन से ज्ञात होता है कि जिंक ऑक्साइड नैनोकणों की सतह पर पॉलिमर आणविक चेन बन गई थी। कणों एवं बहुलक के बीच विकसित अंतरसतहीय सम्पर्क से सम्मिश्र के तापीय गुणों में वृद्धि हुई। परिणाम से यह भी पता चलता है कि नए बनाए गए पॉलिमर सम्मिश्र मैट्रिक्स में जिंक ऑक्साइड नैनोकणों के वितरण की क्षमता है और कण पॉलिमर मैट्रिक्स में डालने के बाद भी लगभग अपने मूल आकार में रहते हैं। इसके अलावा डायनामिक लाइट स्कैटरिंग विश्लेषण द्वारा यह भी देखा गया कि औसत आकार में भी वृद्धि हुई। पॉली (एन) आइसोप्रोपाइल एमाइड (पी एन आई ए एम) के जिंक ऑक्साइड में शोषण से नैनोकणों की सतह पर ऋणायन चार्ज आने की प्रक्रिया भी समझी गयी।

कार्यात्मक पॉलीमर्स में $SiO_2$ जैसे अकार्बनिक नैनोकणों को मिलाने से बहुकार्यात्मक गुणों वाले उच्च क्षमता पॉलिमर तैयार किए जा सकते हैं। इस कार्य में एक कोपॉलीमर एपॉक्सी पॉली (हाइमिथाइलएक्राइलएमाइड का $SiO_2$ नैनोकणों के विसरण हेतु संश्लेषण किया गया तथा उसका जिंक ऑक्साइड विसरित पॉलिमर सम्मिश्र की तरह आभिलक्षणन किया गया)।

## नौसेना अनुप्रयोगों के लिए स्वस्थानी कास्ट कंपोजिट तांबे–आधारित का विकास

वर्तमान अनुसंधान का उद्देश्य Cu आधारित मिश्र धातु TiC स्वस्थानी कास्ट कंपोजिट को SHS प्रक्रिया का उपयोग कर बनाना और उनकी सूक्ष्म संरचना व यांत्रिक गुणों का अध्ययन करना है। विकसित सामग्री के गुणों की उनके परंपरागत समकक्षों जैसे कि निकल–एल्यूमिनियम कांस्य (एनएबी) के साथ तुलना की गई है। TiC कणों को स्वस्थानी तरीके से मैट्रिक्स के भीतर उच्च तापमान संश्लेषण (SHS) प्रक्रिया के द्वारा उत्पन्न किया गया है। TiC को कंपोजिट में 5-10 wt % की रेंज में डाला गया है।

TiC कणों की आकारिकी गोलाकार पाई गयी। मैट्रिक्स के साथ TiC कणों की इंटरफेशियल बॉन्डिंग यथोचित पाई गयी। TiC कणों का औसत आकार 500 नैनोमीटर से 2 माइक्रोन तक पाया गया। कंपोजिट की कठोरता NAB मिश्र धातु से अधिक पाई गयी। 10%TiC कम्पोजिट का घनत्व पारंपरिक NAB की मिश्र धातु से कम था। 5 wt% TiC कम्पोजिट का तनन सामर्थ्य AB मिश्र धातु से थोडा सा कम पाया गया तथा TiC बढ़ाने से यह और भी कम होता है। AB-10TiC की यील्ड ताकत AB मिश्र धातु की तुलना में ज्यादा और NAB से थोड़ा कम पाई गयी। AB-TiC के काम्प्रेसिव शक्ति NAB के बराबर थी।

प्रसंस्कृत पदार्थ का कटाव—जंग व्यवहार कृत्रिम समुद्र के पानी और समुद्री पानी में 20% रेत में किया गया। क्षरण की दर ट्रावर्सल दूरी (600 किलोमीटर) बढ़ने से घटती पाई गयी AB-10TiC दोनों स्थितियों में AB मिश्र धातु में क्षरण की दर उच्च रही, जबकि AB-10TiC में क्षरण की दर न्यूनतम रही । इन सामग्रियों की क्षरण की दर का क्रम AB > NAB < AB-5TiC > AB-10TiC है। AB-5TiC और AB-10TiC का अपघर्षण प्रतिरोध Al कांस्य मैट्रिक्स और NAB मिश्र धातु से बेहतर पाया गया था। AB-5TiC और AB-10TiC का संक्षारण प्रतिरोध Al कांस्य मैट्रिक्स और NAB मिश्र धातु को थोड़ा बेहतर पाया गया था।

AB-10TiC कंपोजिट की वेल्डिंग टिग वेल्डिंग तकनीक का उपयोग करके की गयी जिसमे फिलर के रूप में 3 मिमी व्यास 70/30 पीतल का इस्तेमाल किया गया। आर्गन गैस (Ar) और सामान्य वातावरण में वेल्डिंग की गयी। वेल्डिंग एकल V ज्यामिति में किया गया था। कास्ट स्वस्थानी AB-10TiC की वेल्डिंग सामान्य वातावरण की तुलना में आर्गन में बेहतर थी। AB-5%%TiC और 10% टिक AB- मिश्र धातु से बेहतर और एनएबी मिश्र धातु से थोड़ा बेहतर था।

साधारण मिश्रण और यांत्रिक मिलिंग (P/M मार्ग) द्वारा तैयार Cu-$TiB_2$ कंपोजिट के संश्लेषण और गुण लक्षण का भी अध्ययन किया गया। $TiB_2$ सिरेमिक कणों को तांबे के साथ मिश्रित और तांबे की उपस्थिति में आगे मिलिंग की गयी। $TiB_2$ कण तांबे के मैट्रिक्स में समान रूप से वितरित हुआ और मैट्रिक्स के साथ उसकी बोन्डिंग भी बेहतर हुई। साधारण मिश्रित में $TiB_2$ कणों की माप 1—5 माइक्रोन पाई गयी व मिलिंग के बाद 0.5—3 माइक्रोन हुई। BPR और $TiB_2$ सामग्री में बढ़ते बदलाव का समग्र गुणों में प्रभाव का अध्ययन किया गया है। इसके अलावा, दबाब रहित सिंटरिंग की तुलना में दबाब सहित सिंटरिंग से इन कंपोजिट के गुणों में लगभग दो गुना सुधार हुआ। Cu-5$TiB_2$ कम्पोजिट में 5 BPR मिलिंग और दबाब सहित सिंटरिंग श्रेष्ठ मार्ग पाये गये हैं।

| पदार्थ | Al-Bronze (AB) | AB-5TiC | AB-10TiC | NAB |
|---|---|---|---|---|
| परम तन्य ताकत(MPa) | 465 | 450 | 415 | 648 |
| यील्ड ताकत (MPa) | 324 | 361 | 410 | 488 |
| % तनाव | 5.5 | 2.7 | 1.8 | 3.0 |
| काम्प्रेसिव ताकत (Mpa) | 1049 | 1067 | 1118 | 1149 |
| कठोरता (HB30) | 182±01 | 203±03 | 261±02 | 224±01 |
| घनत्व (g/cc) | 7.42 | 7.19 | 6.89 | 7.54 |

**यान्त्रिक गुण (मिश्र धातु एवं कंपोजिट)**




अपघर्षक घिसने की दर (ब्रोंज एवं AB-TiC कंपोजिट)




कृत्रिम समुद्र के पानी में कटाव–संक्षारन की दर

| पदार्थ | OCP (वोल्ट) | E-CORR (वोल्ट) | I-CORR (एम्पेयर/सेमी$^2$) |
|---|---|---|---|
| NAB | -0.305 | -0.312 | 2.8 x 10-7 |
| AB | -0.356 | -0.361 | 2 x 10-7 |
| AB-5TiC | -0.318 | -0.285 | 1.8 x 10-7 |
| AB-10TiC | -0.180 | -0.250 | 1.2 x 10-7 |

इलेक्ट्रो–रासायनिक परीक्षण के परिणाम

| वेल्डिंग AB-10TiC | कठोरता (HV) | | | यील्ड ताकत (MPa) | परम तन्य ताकत (MPa) | % तनाव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | धातु | इंटरफेस | वेल्डिंग जोन | | | |
| वायुमंडलीय हालात | 177±15 | 264±26 | 148±08 | 26.70 | 26.95 | 0.44 |
| आर्गन | 218±11 | 238±45 | 135±19 | 102.25 | 152.70 | 1.68 |
| **कास्ट AB-10TiC** | 261±2 | | | 410 | 531 | 1.8 |

यान्त्रिक गुण (कंपोजिट वेल्डिंग)

| मिश्रण प्रकार एवं बॉल अनुपात | संगठन | घंटे | हरित घनत्व | सिंटर्ड घनत्व | | डेंसिफिकेशन पैरामीटर | | विद्युत चालकता | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दाब रहित | हॉट प्रेसिंग | दाब रहित | हॉट प्रेसिंग | दाब रहित | हॉट प्रेसिंग |
| सामान्य | Pure Cu | - | 79.2 | 84.5 | 98.5 | 27.6 | 92.7 | 72.8 | 95.4 |
| सामान्य मिश्रण | $Cu\text{-}5TiB_2$ | 2 | 80.00 | 81.2 | 92.67 | 6.06 | 61.01 | 44.8 | 75.0 |
| सामान्य मिश्रण | $Cu\text{-}10TiB_2$ | 2 | 79.10 | 81.10 | 92.61 | 9.69 | 60.90 | 46.14 | 64.62 |
| बॉल मिश्रण (5:1) | $Cu\text{-}5TiB_2$ | 16 | 73.62 | 76.55 | 86.45 | 10.58 | 42.21 | 29.4 | 43.71 |
| बॉल मिश्रण (5:1) | $Cu\text{-}10TiB_2$ | 16 | 71.90 | 74.04 | 84.65 | 7.691 | 40.87 | 23.09 | 42.49 |

**कम्पोजिट के भौतिक गुण (दाब रहित एवं हॉट प्रेसिंग की तुलना)**

| मिश्रण प्रकार और बॉल अनुपात | पदार्थ | घंटे | कठोरता HV@5 Kg | | 3. बिंदु मोड (फ्लेक्सरल) क्षमता | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दबाव रहित | गरम दबाव | दबाव रहित | गरम दबाव |
| साधारण | शुद्ध Cu | - | 42 | 75.85 | 55 | 134.4 |
| साधारण मिश्रण | Cu-5TiB2 | 2 | 78 | 113 | 114 | 288.87 |
| साधारण मिश्रण | Cu-10TiB2 | 2 | 67 | 119 | 95 | 287.19 |
| गेंद मिश्रण (5:1) | Cu-5TiB2 | 16 | 131 | 291 | 222 | 492.51 |
| गेंद मिश्रण (5:1) | Cu-10TiB2 | 16 | 112 | 333 | 135 | 257.43 |

**$Cu\text{-}TiB_2$ कंपोजिटस की तन्यता शक्ति एवं कठोरता के लिए दाब रहित एवं हॉट प्रेस्ड स्थितियों की तुलना**

## प्रगत शील्डिंग पदार्थो का प्रयोग करते हुए इरेडिएशन शील्डिंग कंक्रीट के डिजाइन मिक्स का विकास

एडवांस्ड "केमिकल फॉर्मूलटेड एवं मिनरेलॉजिकल डिजाइन्ड–मल्टी–कॉम्पोनेन्ट–मल्टी फेजेज कंटेनिंग" शील्ड पदार्थो का प्रयोग करते हुए तथा औद्योगिक अपशिष्ट अर्थात रेड मड के प्रयोग के साथ रेडिएशन शील्डिंग कंक्रीट के डिजाइन मिक्स का विकास एनपीसीआईएल, मुंबई के सहयोग से सीएसआईआर – एम्प्री, भोपाल द्वारा किया जाएगा।

इस शोध कार्य के अंतर्गत विभिन्य क्रियाकलाप हैं –रेड मड की सिरेमिक प्रोसेसिंग द्वारा उच्च घनत्व एग्रीगेट्स का निर्माण, जिसके पश्चात् अपेक्षित आयामों के माध्यम और परिष्कृत ग्रेड एग्रीगेट्स प्राप्त करने के लिए मोटे एग्रीगेट्स की ग्राइंडिंग, सिरेमिक प्रोसेसिंग मापदण्डों का स्पष्टीकरण, शील्डिंग एग्रीगेट्स रखने वाले मल्टी – कॉम्पोनेन्ट और मल्टी सिरेमिक चरणों का प्रयोग करते हुए डिजाइन मिक्स का विकास, विभन्न एग्रीगेट्स की भौतिक, यांत्रिक, रासायनिक, खनिज और आकृति– विज्ञानी विशेषताओं का निर्धारण, शील्डिंग कंक्रीट के मिश्रणों के मिश्रित अनुपात, संरचनाएं, नमूनों का मिश्रण, देखभाल और परीक्षण, विकसित मिश्रित कंक्रीटों की भौतिक

विशेषताओं, यांत्रिक विशेषताओं आदि का मूल्यांकन। एक्स – रे पाउडर डिफ्रैक्शन, स्कैनिंग इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोपी आदि का प्रयोग करते हुए युक्तियुक्त प्रक्रिया तंत्र, यांत्रिक परीक्षणों को समझ कर उन्हें विकसित किया गया।

विकसित रेडिएशन शील्डिंग कंक्रीट की प्रमुख विशेषताएं हैं कि यह लेड – मुक्त होने के कारण गैर – विषाक्त है। बुनियादी कच्ची सामग्री एक अपशिष्ट अथार्त रेड मड है। नवीन एडवांस्ड शील्डिंग सामग्री में एग्रीगेट्स के विभिन्न ग्रेड शामिल हैं जो विभिन्न परिधियों के हैं, अथार्त 3800 – 4200 किग्रा /$m^3$ मोटे, माध्यम 300 – 4000 किग्रा /$m^3$ और परिष्कृत – 2800 – 3000 किग्रा /$m^3$ । यह बेहतर उष्मा प्रतिरोधक हैं। सामग्री में मल्टी एलिमेंट्स / मल्टी सिरेमिक चरण तथा मल्टी लेयर्ड क्रिस्टल संरचनाएं शामिल हैं। मैट्रिक्स में सब माइक्रोन से माइक्रोन तक की परिधि के पार्टिकल्स हैं तथा वे आगे नैनो आकार तक कम हो सकते हैं। अपक्षय प्रतिरोधी एडवांस्ड शील्डिंग कंक्रीट प्रणाली वर्तमान में तुलनात्मक रूप से सस्ती प्रतीत होती है तथा आवासीय एवं आणविक ऊर्जा संयंत्रों की स्थापनाओं को विकिरणरोधी बनाए जाने हेतु यह निश्चित रूप से आर्थिक दृष्टि से व्यावहारिक होगी। उक्त विकसित शील्डिंग सामग्री को प्रयोग में लाकर एक डिजाइन मिक्स तैयार किया गया जिसकी कम्प्रेशन क्षमता पारम्परिक M-30 ग्रेड कांक्रीट के समकक्ष आँकी गयी। सैंपल क्यूब्स को ड्यूरेबिलिटी की पात्रता हेतु 28 से 214 दिन के क्यूरिंग उपरांत अलग अलग समय पर कम्प्रेशन क्षमता के लिए टेस्ट किया गया। उक्त डिजाइन मिक्स दवारा 30 cm x 30 cm x 7.2 cm के कंक्रीट स्लैब बनाए गए एवं इन स्लैब को 137 Cs गामा रेडिएशन के सामने शील्डिंग प्रॉपर्टी टेस्ट के लिए बी. ए. आर.सी. बॉम्बे ले जाया गया । प्रगत रेडिएशन शील्डिंग कंक्रीट की रेडिएशन रोकने की क्षमता 5.8 प्राप्त हुई जो कि पारंपरिक कंक्रीट की शील्डिंग (5.1) रोकने की क्षमता से अधिक पाई गयी ।



शील्डिंग एग्रीगेट्स का विकास रेड मड की सिंट्रिंग द्वारा

प्रगत शील्डिंग कंक्रीट का विकास

| क्र. | सैंपल | आकार (cm.) | घनत्व (Kg/m3 ) | गामा रेडिएशन सोर्स 137Cs, ऊर्जा : 662 KeV) | डिजिटल एक्स–रे (300 KV) एक्सपोजर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बेसाल्टिक एग्रीगेट कंक्रीट (BCC-1) | 30X30X7.2 | 2570 | 3.21 |  |
| 2 | हेमटिट ओर से बनी कंक्रीट (HSC-1) | 30X30X7.2 | 3640 | 5.10 |  |
| 3 | रेड मड से बनी सिंथेटिक एग्रीगेट कंक्रीट (HAS-7) | 30X30X7.2 | 3586 | 5.80 |  |

**बी.ए.आर.सी. मुंबई में टेस्ट किए गए विकिरण रोधी कवच के कंक्रीट स्लैब सैंपल्स की विशेषताएँ**

## बायोइम्प्लांट प्रयोग हेतु सरन्ध्र टाइटेनियम आधारित बायोएक्टिव कम्पोजिट का विकास

प्रस्तावित कार्य का उद्देश्य रीन्फोर्सड सिनोस्फेयर सरन्ध्र टाइटेनियम कम्पोजिट बनाने के लिए एक प्रक्रिया विकसित करना और उनका अनुप्रयोग बायोएक्टिव हड्डियों के स्काफोल्ड बनाने में करना है। विभिन्न आकार एवं विभिन्न आद्यतन अंश (50-80%) के सिनोस्फेयर के उपयोग से पाउडर धातुकर्म विधि द्वारा टाइटेनियम सिनोस्फेयर फोम संश्लेषित किया गया। हर कॉम्पैक्ट नमूनों का निर्माण साधारण सिंटरिंग के साथ– साथ माइक्रोवेव तकनीक द्वारा भी किया गया। प्रयोग के बाद देखा गया कि सैंपल (टाइटेनियम– सिनोस्फेयर के फोम) माइक्रोवेव तकनीक द्वारा जल्दी सिंनटर्ड होते हैं। सिनोस्फेयर नमूने में एकसमान वितरित रहे और सिर्फ 5-10% सिनोस्फेयर ही टूटे और मैट्रिक्स में मिल गये। टाइटेनियम की कम मात्रा का ही आक्सीकरण हुआ। टाइटेनियम ऑक्साइड भी बायोइनर्ट है, इसका कहीं भी उल्लेख नहीं है कि उपरोक्त टाइटेनियम के फोम हड्डी के स्काफोल्ड की जगह प्रयोग करने पर खराब सिद्ध होते हैं। इस टाइटेनियम फोम की शक्ति और मापांक इंसानी हड्डी के समीप है। इस पदार्थ की कोरोसिविटी हेंक घोल में डालने पर नगण्य प्राप्त हुई, जो कि इसके बायोइनर्ट होने की ओर संकेत करती है। सेल टोक्सिसिटी और सेल वियाबिलिटी टेस्ट के परिणाम से संकेत प्राप्त हुए हैं कि इन फोम को हड्डी के स्काफोल्ड की तरह उपयोग करने की भी संभावना है। विस्तृत इन–विट्रो टेस्ट प्रगति पर है। फोम को ज्यादा बायोएक्टिव बनाने का प्रयास किया गया है। इसके लिए स्पिन कोटिंग प्रकिया द्वारा इस फोम पर हैप की परत चढ़ाई गई है।



**टाइटेनियम के 60% आयतन का माइक्रोस्ट्रक्चर**



**टाइटेनियम– सिनोस्फेयर सिंटैक्टिक फोम**




**टाइटेनियम फोम सेल के साथ हैप और टाइटेनियम–हैप वियाबिलिटी टेस्ट के दौरान तुलनात्मक प्रदर्शन**

## प्रयोगों और फाइनाइट एलिमेंट विधि द्वारा असममित फ्लैंजिंग प्रक्रिया में एल्युमीनियम मिश्र धातु शीट का विरूपण व्यवहार

फ्लैंजिंग महत्वपूर्ण शीट धातु की प्रक्रियाओं में से एक है। स्ट्रेच फ्लैंजिंग कंटूर फ्लैंजिंग के बुनियादी रूपों में से एक है। यह व्यापक रूप से घुमावदार भागों का निर्माण करने के लिए वाहन और अंतरिक्ष उद्योगों में उपयोग की जाती है। फ्लैंज सामान्यतः किसी प्रोडक्ट के हिस्से में स्मूथ गोल किनारा और उच्च कठोरता प्राप्त करने के लिए इस्तेमाल करते हैं। इस प्रक्रिया में डाई, ब्लेंक–होल्डर और पंच आदि उपकरण का उपयोग फ्लैंज बनाने में किया जाता है। इस प्रकिया में ब्लेंक को डाई और ब्लेंक–होल्डर के बीच कस कर फ्लैंज बनाने के लिए पंच द्वारा शीट पर एक बल लगाया जाता है। इस प्रक्रिया में, धातु परिधीय दिशा में तनाव में रहती है। यह कार्य इस प्रक्रिया को समझने के लिए किया गया है जिसमें एक चादर के विरूपण व्यवहार पर विभिन्न मापदंडों के प्रभाव की जांच की गई है । शीट मोटाई का घटना और किनारे पर चादर में फ्रैक्चर होना आमतौर पर खिंचाव फ्लैंजिंग प्रक्रिया में विफलता के दो प्रमुख कारण हैं । तदनुसार, यह काम विभिन्न मापदंडों का उपयोग करके इन विफलताओं को कम करने के लिए किया गया है। इस कार्य में प्रयोगात्मक तथा फाइनाइट एलिमेंट विधि का उपयोग एल्युमीनियम (AA5052) की चादर को विरूप कर प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से समझने के लिए किया गया है। कुछ काम पहले से ही दोनों विधियों के द्वारा किया जा चुका है जिसमे मुख्य रूप से फ्लैंज में क्रैक की जगह पता की गई है और दोनों विधियों से प्राप्त परिणामों की तुलना की गई है जो कि संतोषपूर्ण पाई गई है ।



**परीक्षण एवं एफईएम अनुकरण की तुलना**

## कांक्रीट संरचनाओं में इस्तेमाल किये जाने वाले माइल्ड स्टील को जंग लगने से बचाने के लिए उन्नत जियोपोलीमेरिक कोटिंग सामग्री के विकास पर अध्ययन

प्रबलित कंक्रीट पूरी दुनिया में इस्तेमाल की जाने वाली सबसे महत्वपूर्ण निर्माण सामग्रियों में से एक है। यह प्रतिकूल पर्यावरणीय परिस्थितियों के समक्ष रहती है, जो इसको जंग लगाती है और परिणामस्वरूप कंक्रीट संरचना के जीवन में कमी करती है। इस समस्या के समाधान के लिए विभिन्न प्रकार की कोटिंग सामग्रियाँ विकसित की जा चुकी हैं और उनको विभिन्न स्तर पर सफलता हासिल हो चुकी है। हालांकि बेहतर जंग प्रतिरोधक क्षमता एवं पैरेंट सतह पर अच्छी तरह चिपकने वाली उन्नत कोटिंग सामग्री को बनाने के प्रयास अभी भी दुनिया में जारी हैं। जियोपोलीमर्स एमोर्फस से सेमीक्रिस्टलाइन अल्कली एक्टिवेटेड अलुमिनोसिलिकेट पदार्थ है। ये हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण जंगरोधक एवं आग प्रतिरोधी सामाग्री के रूप में व्यापक रूप से अध्ययन किये जा चुके हैं। प्रस्तावित कार्य का उद्देश्य नई उन्नत फास्फेटिक जियोपोलीमेरिक कोटिंग सामग्री को माइल्ड स्टील सब्सट्रेट के लिए विकसित करना है। इसमें नई विधि द्वारा फ्लाई एश, रेड मड एवं अन्य योजकों का इस्तमाल कर फास्फेटिक जियोपोलीमर कोटिंग सामग्री के विभिन्न कम्पोसीशन तैयार किये गये हैं एवं इनको पेंट ब्रुश, स्प्रे, डिप एवं स्पिन कोटिंग तकनीकी द्वारा माइल्ड स्टील की प्लेटों पर कोट किया गया है। कोटेड माइल्ड स्टील की प्लेटों को ऐडीसन स्ट्रेन्थ, गर्मी प्रतिरोध क्षमता, अग्नि प्रतिरोध क्षमता, पानी प्रतिरोध क्षमता एवं जंग प्रतिरोध क्षमता के लिये जाँचा गया है।

माइल्ड स्टील की प्लेटों को जंग प्रतिरोध क्षमता के लिए 3.5% सोडियम क्लोराइड के घोल में वजन घटने वाली विधि द्वारा एवं एनोडिक पोलेराइजेशन कर्व का उपयोग कर इलेक्ट्रोकेमिकल विधि द्वारा जाँचा गया है। कोटिंग सामग्री के कम्पोजिशनों की संरचना का एक्स–रे डिफरेक्शन, एफ.टी.आई. आर. स्पेक्ट्रल विधि एवं स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपिक विधि द्वारा अध्ययन किया गया है। कोटिंग सामग्रियों का एक्स–रे डिफरेक्शन पैटर्न सोडियम सिलिकेट, हाइड्रेटेड सोडियम एल्युमीनियम सिलिकेट और एमोरफस एल्युमिनोसिलिकेट जेल फेस की उपस्थिति का संकेत देते हैं, जो कि कोटिंग सामग्री को माइल्ड स्टील के साथ अच्छी एवं मजबूत बाइंडिंग प्रदान करते हैं। स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोग्राफ भी कोटिंग सामग्री एवं माइल्ड स्टील की अच्छी एवं मजबूत बाइंडिंग दर्शाते हैं। परिणाम यह संकेत देते हैं कि विकसित की गई कोटिंग सामग्री में बेहतर जंग प्रतिरोधक, पानी प्रतिरोध, क्षमता एवं पैरेंट सतह पर अच्छी तरह चिपकने वाले गुण हैं । कोटिंग सामग्रियों के नये कम्पोजीशन बनाने की दिशा में आगे के अध्ययन प्रगति पर हैं।

स्प्रे–गन द्वारा माइल्ड स्टील की प्लेटों पर फोस्फटिक जियोपोलीमेरिक कोटिंग

## इंजीनियरिंग अनुप्रयोगों और धातु कलाकृतियों के लिए एल्युमिनियम सिनोस्फियर फोम का उपयोग

ताप विद्युत संयंत्रों से निकली हुई अनुपयोगी राख (सीनोस्फियर) से एल्युमिनियम सिन्टैक्टिक फोम बनाया गया। सिनोस्फियर आकार में गोलाकार होने से उसकी सरंध्रता लगभग 75% होती है। सिनोस्फियर के XRD द्वारा प्राप्त हुआ है कि उसमें 90% मुलाईट (mullite) क्वार्ट्ज, ग्रेफाइट, $CaCO_3$, $FeSiO_3$, है । इसी कारण खोखला सिनोस्फियर सिन्टैक्टिक एल्युमिनियम सिन्टैक्टिक फोम बनाने के लिए उपयोगी होता है। लगभग 6 wt % (या 35 vol % संगत) सरल स्टर–कास्टिंग तकनीक के माध्यम से बनाने के लिए इस्तेमाल किया गया। एल्युमिनियम सिनोस्फियर सिन्टैक्टिक फोम में सिनोस्फियर के समान वितरण देखा गया। फोम का घनत्व लगभग 1.85-1.95 g/cc की रेंज में नोट किया गया। सिन्टैक्टिक फोम की रीमेल्टिंग शीतलक फर्नेस द्वारा करने से वर्गीकृत स्तरित एल्युमीनियम सिन्टैक्टिक फोम प्राप्त होता है, जिसमें कि सिनोस्फियर गोले निचले स्तर से शीर्ष स्तर की ओर आते हैं। इन फोम की प्रकृति उत्कृष्ट स्लाइडिंग वेअर प्रतिरोध प्रदर्शित करती है। इन फोम की ताकत एल्यूमिनियम के अकेले फोम की तुलना में काफी अधिक है (लगभग > 70 MP)। ऊर्जा के अवशोषण में इन फोम की क्षमता (लगभग > 50 MJ/m3) और तनाव स्तर लगभग 0.4 साथ ही भिगोना क्षमता एक क्रम कम घने एल्युमीनियम मिश्र की तुलना में है।




फ्लाई ऐश सेनोस्फियर




एल्युमिनियम सेनोस्फियर फोम

सिंटैक्टिक फोम बिलेट

लेयर्ड फोम

## ग्रामीण जल संसाधन प्रबंधन के लिए भू–जल स्तर भिन्नता के कारण मिट्टी व्यवहार परिवर्तन का प्रतिरूपण

**परियोजना का आरंभ निम्न गतिविधियों के साथ किया गया है:**

(अ) मृदा के तापमान और नमी पर भूजल स्तर की गहराई के प्रभाव का निरीक्षण

(ब) विभिन्न पहलुओं की जांच एवं बुनियादी भौतिक सिद्धांतों के द्वारा मृदा के तापमान और नमी पर भूजल प्रभाव का पता लगाना

(स) उपग्रह आकड़ों का उपयोग कर विभिन्न गहराई में मिट्टी की नमी का आकलन करना,

(द) उपग्रह से प्राप्त आकड़ों का उपयोग कर भूजल स्तर अनुकरण करने के लिए एक जलविज्ञान प्रतिरूपण को विकसित करना।

विश्लेषण के लिए दो अध्ययन क्षेत्रों को चयनित किया गया है। चयनित स्थलों में से एक जलोढ़ संरचनाओं में उथले भूजल स्थिति से संबंधित है और अन्य कठोर चट्टान और नरम चट्टान की संरचनाओं के मध्यनिवेश में गहरी भूजल की स्थिति की श्रेणी में आता है। अध्ययन क्षेत्र में मानसून के पहले और बाद के जल स्तर आँकड़े लेने के लिए विभिन्न स्थानों का सर्वेक्षण किया गया है। मिट्टी का नमूना लेकर मिट्टी की नमी और बनावट का निर्धारण प्रयोगशाला में किया गया है। पिछले सात वर्षों (2009–2015) के वर्षा आँकड़े भारतीय हाइड्रोमेंट डिवीजन, नई दिल्ली से एकत्र किये गये हैं। दैनिक वायुमंडलीय तापमान आँकड़े ऑनलाइन स्रोतों से लिये गये हैं। उपग्रह चित्र भी ऑनलाइन आँकड़े स्रोतों से लिये गये हैं और उपग्रह चित्रों व टोपोशीट्स से आर्क–जीआईएस सॉफ्टवेयर की सहायता से अध्ययन क्षेत्र के नक्शे का निर्माण किया गया है।




लैंडसेट ई टी एम उपग्रह मानचित्र




जलग्रहण क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का भूजल स्तर




जल निकासी मानचित्र




आधार मानचित्र

## आकार स्मरण मिश्रधातुओं के प्रोस्थेटिक अनुप्रयोग

यह आम मान्यता है कि एक्चुएशन प्रणाली में विकास से अधिक एन्थ्रोपोमॉर्फिक एवं कार्यात्मक प्रॉस्थेटिक हाथ/ग्रिपर के विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। एक्चुएशन के क्षेत्र में उभरती प्रौद्योगिकियों में से एक नवीन, स्मार्ट पदार्थों पर आधारित एस एम ए तार के अनुप्रयोग संबंधी है। शक्ति और भार का अत्यधित उच्च अनुपात तथा समान जैविक गति से प्रचालन की क्षमता यह दर्शाती है कि वे प्रॉस्थेटिक की आकार एवं भार संबंधी सीमाओं का

आदर्श हल हो सकते हैं। इस अनुसंधान कार्य के अंतर्गत प्रॉस्थेटिक हाथ/ग्रिपर के साथ एक एस एम ए एक्चुएशन प्रणाली को जोड़ा गया। सर्वाधिक कारगर एक्चुएशन प्रौद्योगिकियों में से एक आकार स्मरण मिश्रधातुओं (एस एम ए) पर आधारित है। एस एम ए जैविक पेशियों से मिलती –जुलती एक्चुएशन प्रणाली दर्शा सकते हैं क्योंकि वे उच्च एक्चुएशन बल उत्पन्न कर संकुचन करते हैं। ये पेशियों जैसे एक्चुएटर्स उच्च शक्ति – भार अनुपात प्रस्तुत करते हैं जिससे सुगढ़, हल्की प्रॉस्थेटिक युक्तियाँ विकसित की जा सकती हैं।

एस एम ए तार का प्रयोग कर विकसित प्रोटोटाइप का प्रयोग किसी ग्रिप के जबड़ों को गतिशील बनाकर किसी वस्तु को पकड़ने के लिए किया जा सकता है। ग्रिपर की डिजाइन किसी वस्तु को पकड़ने/छोड़ने के लिए दो ग्रिपिंग हाथों/जबड़ों वाली होती है। ये जबड़े एक बेस प्लेट पर लगे होते हैं और काम करने के लिए अर्द्धवृत्ताकार तरीके से घूमते हैं। जबड़े खोलने – बंद करने के लिए एक एस एम ए तार लगा होता है। जबड़े सहजता से प्रचालित होते हैं। एस एम ए तार के रूपांतरण ताप को प्राप्त करने के लिए रेसिस्टिव/जूल हीटिंग विधि का प्रयोग किया जाता है, जिससे इसका आकार स्मरण प्रभाव दिखाई देता है। एक पल्सेटिंग करंट के द्वारा हीटिंग करने से एस एम ए तार की गति नियंत्रित करने में सहायता मिलती है। नियंत्रित हीटिंग हेतु नियत फ्रीक्वेंसी तथा परिवर्तित ड्यूटी चक्र की पल्स का प्रवाह एस एम ए तार में किया जाता है। हीटिंग के लिए पल्स विड्थ मॉडुलेशन (पी डब्ल्यू एम) इलेक्ट्रॉनिक परिपथ डिजाइन एवं विकसित किया गया, जिससे ग्रिपर गति उपयुक्त हो सके। हीटिंग करेंट 0.77A होना चाहिए तथा प्रभावी वोल्टेज 5V होना चाहिए




**एस एम ए चलित ग्रिपर हेतु प्रायोगिक सेट अप**

## सीमेंट मुक्त कंक्रीट बनाने हेतु फ्लाई ऐश द्वारा निर्मित उन्नत लिग्नो सिलिको एलुमिनस जिओपोलिमेरिक बाइंडर

पर्यावरण में $CO_2$ के उत्सर्जन को ध्यान में रखते हुए साधारण पोर्टलैंड सीमेंट का वैकल्पिक बाइंडर जो कि फ्लाई ऐश एवं चावल की भूसी के द्वारा बनाया गया जिसमें क्लास–एफ फ्लाई ऐश का प्रयोग किया गया है। उक्त शोध से जो बाइंडर डेवलप हुआ उसे लिग्नो सिलिको एलुमिनस बाइंडर (एल.एस.ए) का नाम दिया गया है।

इस परियोजना मे विभिन्न मोलेरिटी का रसायन चावल की भूसी एवं एन.ए.ओ. एच का उपयोग कर के बनाया गया एवं उक्त रसायन का प्रयोग सीमेंट मुक्त कंक्रीट बनाने हेतु किया गया एवं बाइंडर की कम्प्रेसिव स्ट्रेंथ का मूल्यांकन अलग–अलग मोलेरिटी संख्या 6.25 से 13.75M के रसायन प्रयोग में लाकर किया गया। एल. एस.ए बाइंडर को प्रयोग से लेकर मिक्स डिजाइन की गई एवं सीमेंट मुक्त कंक्रीट बना कर उसके 15 X 15 X 15 सेंटीमीटर के क्यूब्स की कम्प्रेसिव स्ट्रेंथ एवं फ्लेक्चर स्ट्रेंथ निकाली गई ।इस परियोजना हेतु M-25 कंक्रीट टारगेट स्ट्रेंथ रखी गई।

चावल की भूसी

NaOH फ्लेक्स

पानी

सामग्री को उबालना

क्षारीय रसायन को छानना

एल एस ए क्षारीय रसायन

## सस्ते और प्रचुर मात्रा में प्रथम पंक्ति संक्रमण श्रृंखला धातु आयनों द्वारा पानी ऑक्सीकरण कटैलिसिस

पानी ऑक्सीकरण प्रतिक्रिया को हमेशा हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया के रूप में देखा गया है। भविष्य ईंधन के वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत है। एक पानी के अणु के बंटवारे की प्रक्रिया में, एनोडिक प्रतिक्रिया शामिल चार इलेक्ट्रॉन हस्तांतरण उर्जा अधिक की मांग की है और एक अपेक्षाकृत कम ओवरपोटंशियल पर ऑक्सीजन उत्पादन पूरा करने के लिए उत्प्रेरक की आवश्यकता है। इस परियोजना में चुनौती एक कुशल लागत प्रभावी, गैर विषैले तत्वों से बने उत्प्रेरक का विकास है।

नैनोस्ट्रक्चर्ड बीटा $MnO_2$ एंड $Mn_2O_3$ संश्लेषित और पानी ऑक्सीकरण उत्प्रेरक के रूप में पता लगाया गया। +3 ऑक्सीकरण राज्य में Mn साथ $Mn_2O_3$ नैनोरॉड्स नई तकनीक से तैयार किया गया और उच्च विद्युत गतिविधि को प्राप्त करने के लिए दिखाया गया। यह प्रदर्शित किया गया, मैंगनीज ऑक्साइड में Mn के ऑक्सीकरण की स्थिति जल ऑक्सीकरण प्रतिक्रिया की ओर मजबूत प्रभाव है।

स्क्रीन मुद्रित निकल ऑक्साइड (एनआईओ) नैनोकणों और माइक्रोबाल्स पानी ऑक्सीकरण के लिए कुशल विद्युतउत्प्रेरक के रूप में दिखाया गया है। उत्प्रेरक गतिविधि परीक्षण से पता चला है कि माइक्रोबाल्स फिल्मों के लिए एक अधिक झरझरी संरचना और उच्च सतह क्षेत्र की वजह से समान मोटाई के नैनोकण फिल्मों की तुलना में बेहतर गतिविधि दिखाई।




$Mn_2O_3$ नैनोरॉड्स की SEM छवि




$Mn_2O_3$ और $MnO_2$ की विद्युत उत्प्रेरक गतिविधि दिखाने के लिए वोल्टामोग्राम स्कैन




NiO फिल्मों के योजनाबद्ध स्क्रीन प्रिंटिंग विधि का उपयोग




वोल्टामोग्राम स्कैन

# प्रायोजित परियोजनाएं

## मेसर्स जेएसपीएल रायगढ में उपलब्ध भिन्न प्रकार की फ्लाई ऐश का सीमेंटेशियश एलएसए (लिगनो–सिलिका अल्युमिनस) पदार्थ बनाने में उपयोग

परियोजना का मुख्य उद्देश्य अलग अलग प्रकार के फ्लाई–ऐश का पर्यावरण के अनुकूल जीयोपोलिमराइजेशन तकनीक द्वारा प्रयोग करना था। इस अध्ययन के द्वारा गैर संरचनात्मक अनुप्रयोग जैसे सड़क निर्माण का प्रदर्शन किया गया जो कि फ्लाई–ऐश का बड़ी मात्रा में प्रयोग का महत्व दर्शाता है। कार्य के अंतर्गत कृषि अवशेषों (चावल की भूसी) का उपयोग उद्धरण बनाने में तथा तरल पदार्थो का उपयोग जियोपोलिमरिक सैंपल्स के निर्माण में किया गया था। सैंपल्स का निर्माण जेएसपीएल फ्लाई–ऐश और तरल पदार्थोंकी अलग–अलग सघनता में किया गया। अलग–अलग सघनता के क्यूब्स बनाए गये और उन्हें 24 घंटों के लिए 60$^{0}$ सेल्सीयस पर सूखने के लिए ओवन में रखा गया। इसके उपरांत उन्हें 7.28 दिनों के लिए धूप में क्युरिंग के लिए रखा गया ताकि उनकी दबाव शक्ति (कम्प्रेस्सिव स्ट्रेंथ) का परीक्षण हो सके। एक्स–रे डीफ्रेक्शन से ज्ञात किया गया कि 'म्युलाइट', क्वार्टज, हेर्शेलाईट, नाकोलाईट महत्वपूर्ण संघटक हैं। सैंपल का पीएच 8.5 प्राप्त किया गया जो बताता है कि पदार्थ हल्का–सा क्षारीय है और उसका घनत्व 0.7 ग्राम/सीसी एवं विशिष्ट गुरुत्व 2.1 है। लॉस ऑफ इग्निशन 0.53% और अनुमानित अमोर्फस सिलिका 22% प्राप्त हुआ। जब 13 मोलर तरल पदार्थ को फ्लाई ऐश में मिलाकर क्यूब्स बनाये गए और उन्हें 7, 14 और 28 दिनों के लिए रखा गया तब उनकी दबाव शक्ति 8.29 एमपीए प्राप्त हुई। सबसे अधिक दबाव शक्ति 14 दिनों के फर्मेंटेशन से प्राप्त उद्धरण में मिली, जिनसे बने क्यूब्स को 28 दिनों की क्युरिंग के लिए रखा गया था। उपरोक्त परिणाम सफलता पूर्वक दर्शाते हैं कि एलएसए आधारित सुपर प्लास्टीसाइजर का उपयोग सीमेंट मुक्त ग्रीन सीमेंटेशियश पदार्थो के बनाने में किया जा सकता है। जेएसपीएल परिसर में बनाई गई सड़क इसका अच्छा उदहारण है ।

क्यूब सैंपल का निर्माण



एक्स– किरण डिफ्रैक्टोग्राम



सैंपल का टीजीए

जेएसपीएल साइट पर सीमेंटेशियस एलएसए सैंपल्स का निर्माण

जेएसपीएल फ्लाई ऐश के उपयोग से सड़क का निर्माण

## एल्युमीनियम मिश्रधातु सिलिकॉन कार्बाइड धातु मैट्रिक्स कंपोजिट का विकास–विशेषताओं के अनुसार विश्लेषण

इस मामले की गतिविधियाँ सामग्री संश्लेषण और वर्णन, कम्पोनेन्ट डिजाइन और निर्माण को इस्तेमाल करके विकसित सामग्री और उनका वास्तविक काम के माहौल में प्रदर्शन का परीक्षण शामिल है। LM25-10% SiC कंपोजिट तरल धातुकर्म विधि से संश्लेषित किया गया और इसका वर्णन सूक्ष्म सरंचना विशेषताओं, यांत्रिक गुणों और अवमंदन व्यवहार के आधार पर किया गया है। नमूने के उत्साहवर्धक प्रयोगशाला निरीक्षणों के आधार पर सामग्री का एक कम्पोनेन्ट टारपीडो नोजकोन के रूप में संश्लेषित किया गया है। यह उल्लेख किया गया है कि नोजकोन, जिसे टारपीडो सिस्टम के सामने लगाया गया है कई सारी सिग्नल प्राप्त करने और प्रसंस्करण करने वाली युक्तियों को समायोजित करता है। संकेत आवागमन और प्रसंस्करण की प्रमुख समस्याओं में से एक मोटर असेम्बली और डिवाइस के माध्यम से आने वाले और बाहर जाने वाले संकेतों के साथ अन्य घूर्णन घटकों द्वारा बनाए गई शोर का हस्तक्षेप है। इस प्रकार नोजकोन के अंदर रखे उपकरणों के माध्यम से संसाधित आने वाले और बाहर जाने वाले संकेतों के साथ आसपास के शोर से हस्तक्षेप को कम करने के लिए जरूरी हो गया है। फोर्ज्ड एल्युमीनियम मिश्र धातु नोजकोन बनाने मे परंपरागत ढंग मे इस्तेमाल की गयी, जो कि एक स्थानापन्न के रूप में बेहतर शोर शोषण विशेषताओं के साथ हमेशा वांछित है। विकसित मिश्रित सामग्री पारंपरिक तरीके से इस्तेमाल हो रहे फोर्ज्ड अलुमिनियम को, एक ऐसी सामग्री है जो बेहतर शोषण विशेषताओं के साथ जो कि टारपीडो प्रणाली की उपकरणों के माध्यम से संसाधित आने वाले और बाहर जाने वाले संकेतों को अधिक प्रभावी ढंग से कार्य के लिए कम से कम शोर के साथ सक्षम कर सकता है, स्थानापन्न करने का लक्ष्य है। बनाये गए नोजकोन को एक कम्पोनेन्ट के स्तर पर आगे की जाँच के लिए प्रायोजक एजेंसी को भेज दिया गया है। कम्पोनेन्ट आवश्यक रिसाव परीक्षण में सफल हो चुका है और उसके कंपन शोषण और शोर क्षीणन विशेषताओं से संबंधित परीक्षण प्रगति पर है।

बाह्य हिस्सा

पिछला आंतरिक हिस्सा

सामने का आंतरिक हिस्सा

Al MC टारपीडो नोज कोन का विभिन्न कोणों से चित्र

# गैर–संरचनात्मक अनुप्रयोग हेतु विभिन्न श्रेणियों के सीमेंट मुक्त कांक्रीट के निर्माण के लिए मेसर्स सेसा स्टरलाईट लिमिटेड (वेदांता ग्रुप कंपनी) लान्जिगढ़ जिला कालाहांडी, उड़ीसा में उपलब्ध फ्लाई ऐश का साध्य अध्ययन

अध्ययन का उद्देश्य फ्लाई ऐश को उपयोगी पदार्थो में परिवर्तित करके पर्यावरणीय समस्याओं का निराकरण करना है। स्रोत से चार प्रकार की फ्लाई ऐश एकत्रित की गई तथा उनकी आकृति, रसायनिक संरचना तथा चरण का विश्लेषण किया गया। विश्लेषण किये गए चार नमूनों में से एक नमूने में सीमेंट मुक्त "ग्रीन कॉन्क्रीट" बनाने की क्षमता पाई गई।




सक्षम फ्लाइ ऐश सैम्पल का एक्स–किरण डिफ्रैक्टोग्राम




सक्षम फ्लाई ऐश सैम्पल की मोर्फोलोजी

प्रयोग प्रगति पर

## मेसर्स ग्रासिम इंडस्ट्री लिमिटेड केमिकल डिवीजन, बिरलाग्राम नागदा (म.प्र) में कॉस्टिक सोडा उत्पादन प्रक्रिया में उत्पन्न बेरियम सलफेट (ब्राइन स्लज) का विकिरण कवच पदार्थ बनाने में प्रयोग

इस कार्य का मुख्य उद्देश्य ऐसी प्रक्रिया एवं पदार्थ संरचना को बनाना है जो कि बेरियम समृद्ध एक्स–रे कवच टाइल्स की "मास्किंग" कर सके । जो एक्स रे, सी.टी स्कैनर रूम और अन्य विकिरण कवच इन्सटालेशन के लिए निदानीय हो। बेरियम समृद्ध मैट्रिक्स जब पारम्परिक सीमेंटेशियस मैट्रिक्स में मिलाया जाता है तो वह अच्छी दबाव शक्ति और घर्षण प्रतिरोधक क्षमता के साथ–साथ विकिरण से पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करता है। एक नवीन प्रणाली के अंतर्गत विकिरण कवच पदार्थो का निर्माण सेरेमिक प्रसंस्करण मार्ग के इस्तमाल से लाल मृदा और बेरियम यौगिक द्वारा किया गया। विभिन्न विकिरण फेसेस, जैसे कि बेरियम आयरन टाइटेनियम सिलिकेट, बेरियम एलुमिनियम ऑक्साइड, बेरियम एलुमिना सिलिकेट इत्यादि इनसिटू क्रिस्टलाइजेशन से ब्राइन स्लज तथा लाल मृदा निर्धारित विकिरण पदार्थ का अन्वेषण किया गया। टाइल्स के भिन्न भौतिक यांत्रिक गुण जैसे कि प्रभाव शक्ति, दबाव शक्ति, जल अवशोषण क्षमताओं का विस्तार में अध्ययन किया गया जो कि इंडियन स्टैण्डर्ड स्पेसिफिकेशन के अनुकूल था। टाइल्स का निर्माण स्लज से उत्पन्न पाउडर से किया गया, जिसे पोलिमेरिक मैट्रिक्स में वैज्ञानिक तरीके से मिलाया गया।




विकसित टाइल्स के विकिरण गुण

# परामर्शी परियोजनाएं

## टरबाइन ब्लेड की विफलता की जाँच और विश्लेषण

निम्नलिखित टरबाइन ब्लेड की विफलता की जाँच और विश्लेषण कार्य हमने तीस साल पुराने थर्मल पॉवर प्लांट में किया था। इस कार्य को करने का मुख्य लक्ष्य, टरबाइन ब्लेड की विफलता के मुख्य कारण तलाशना और इस तरह की विफलता आगे न आये इसके लिए उपायों का सुझाव करना था। टरबाइन ब्लेड संख्या 18, जो कि विफल हुआ था, आठ (8) स्टेज वाली कम दवाब (Low Pressure) वाली टरबाइन का हिस्सा था। आठवें स्टेज की असेंबली में बयानवे (92) टरबाइन ब्लेड लगे हुए थे। फटीग लोडिंग के कारण टरबाइन ब्लेड की विफलता का अंदेशा कम था, क्योंकि यह ब्लेड केवल 3 – 4 महीने पहले ही बदला गया था। इस कार्य में पारंपरिक विफलता जाँच करने के साथ ही साथ इस ब्लेड के मटेरियल का अवलोकन तथा इस ब्लेड पर आने वाले भार का आकलन करना शामिल था। इस कार्य में टूटे हुए ब्लेड संख्या 18 का सॉलिड मॉडल तैयार करना था और बाद में फाइनाइट ऐलीमेंट विधि (F.E.M.) से इस ब्लेड पर आने वाले भार के प्रभाव का अध्यन करना था। ब्लेड संख्या 18 के क्षतिग्रस्त होने के कारण, ब्लेड संख्या 17 (सबसे पास का ब्लेड) को क्षतिग्रस्त ब्लेड की ज्योमेट्री की जानकारी के लिए उपयोग में लाया गया और सॉफ्टवेयर की सहायता से ब्लेड संख्या 18 का सॉलिड मॉडल तैयार किया गया। टरबाइन ब्लेड में लम्बाई के साथ साथ, मोटाई, चौड़ाई तथा एंगल में होते बदलाव को बखूबी ध्यान रखकर सही ब्लेड ज्योमेट्री का सॉलिड मॉडल का निर्माण किया गया। टेस्टिंग के लिए तीन ब्लेड (ब्लेड संख्या 18) जो टूट गया था तथा साथ में ब्लेड संख्या 17 और ब्लेड संख्या 19) लेबोरेटरी में जाँच के लिए लाये गए थे। तीनों ब्लेड के धातु का टेनसाइल टेस्ट करके उसकी वास्तविक स्ट्रेस–स्ट्रेन के व्यवहार को समझा गया। ब्लेड पर भार के प्रभाव को जानने के लिए भी फाइनाइट ऐलीमेंट एनालिसिस में धातु की वास्तविक स्ट्रेस–स्ट्रेन व्यवहार का इस्तेमाल किया गया। टरबाइन ब्लेड का फाइर्नाट ऐलीमेंट विश्लेषण, अबाकस (ABAQUS) सॉफ्टवेयर में किया था। टरबाइन ब्लेड की मेश में 24,225 एलिमेंट्स और 26,487 नोड्स थे। रिडुस इंटीग्रेशन तकनीक के साथ एक्स्प्लिसिट सॉल्वर से एनालिसिस किया गया था। टरबाइन ब्लेड के टूटने का पहले स्थान का अनुमान फाइनाईट ऐलीमेंट एनालिसिस रिजल्ट में साफ तौर पर देखा जा सकता है। इसी तरह पहले स्थान का टूटा हुआ ब्लेड का हिस्सा जब बचे हुए टरबाइन ब्लेड से टकराया होगा तभी दूसरे तथा तीसरे स्थानों से ब्लेड टूटा होगा ऐसा अनुमान फाइनाइट ऐलीमेंट विश्लेषण निष्कर्ष से निकलकर आया है, जो कि विजुअल एग्जामिनेशन से मेल खता है। टूटा और सही टरबाइन ब्लेड के धातुओं के फ्राक्टोग्रफिकल तथा माइक्रोस्ट्रकचरल एग्जामिनेशन से धातुओं की प्रॉपर्टीज और माइक्रोस्ट्रकचरल फीचर्स के अलग होने का पता चला जो कि ब्लेड संख्या 18 के टूटने का कारण बना। ब्लेड संख्या 18 के मटेरियल को जो अनुचित हीट ट्रीटमेंट (खास तौर पर टेंपरिंग) दिया गया था, वही इस ब्लेड के टूटने का मुख्या कारण बना। इसी अनुचित हीट ट्रीटमेंट के कारण धातु ज्यादा हार्ड, कम टफ, और जंग निरोधक क्षमता की कमी आई जिससे Cr क्षीण क्षेत्र मैट्रिक्स में उत्पन्न हुए और फ्री कार्बाइड ग्रेन बाउंड्रीज पर इकट्ठे हुए। अतः मैकेनिकल, मेटलर्जिकल और फाइनाइट ऐलीमेंट विधि मिलाकर उपरोक्त ब्लेड के विफलता की जाँच करने में प्रयोग किया गया, जिससे हमें अधिक सटीक जानकारी टरबाइन ब्लेड के सबसे पहली जगह पर टूटने की मिली और उसके बाद दूसरे और तीसरे स्थान पर और साथ ही साथ रूट कॉज का पता चला जिसके कारण ब्लेड टूटा।




(क) सही ब्लेड (ब्लेड संख्या 17) (ख) टूटा ब्लेड का टुकडा (ब्लेड संख्या 18) (ग) बॉस के आगे के स्थान का फ्रैक्चर सरफेस (घ) पतला हुआ ब्लेड का स्थान तथा क्रैक पैदा होने का स्थान (ब्लेड संख्या 18)



क्रॉस सेक्शन और प्रोफाइल का घुमाव दर्शाते हुए टरबाइन ब्लेड (ब्लेड संख्या 18) का सॉलिड मॉडल




चार्पी इम्पैक्ट एनर्जी के स्थानों का निर्धारण दर्शाता हुए टूटे ब्लेड संख्या 18 में

## पीओपी द्वारा निर्मित मूर्तियों के विसर्जन के प्रभाव की जांच

प्लास्टर ऑफ पेरिस द्वारा निर्मित मूर्तियों का विसर्जन वातावरण के लिए अत्यंत हानिकारक है। मूर्तियों में उपस्थित धातु पानी को दूषित करते हैं तथा उसे अनुपयोगी बनाते हैं। प्राकृतिक मृदा द्वारा बनाई गई मूर्तियाँ पर्यावरण को नुकसान नहीं करती हैं। कार्य का प्राथमिक उद्देश्य पीओपी द्वारा निर्मित मूर्तियों के विसर्जन के प्रभाव की जांच करना था। गतिविधियों के अंतर्गत प्रयोगशाला में नियतकालिक डेटा को एकत्रित किया गया तथा मूर्तियों को पानी में विसर्जित करने से पहले एवं बाद के प्रभाव की समीक्षा की गई ताकि भारी धातुएं जैसे आयरन, कॉपर, लेड, मैंगनीज, कैडमियम, निकल की सघनता में बदलाव को निर्धारित किया जा सके। नियतकालिक एकत्रित पानी के नमूनों का भौतिक एवं रसायनिक वर्णन भी किया गया जिसके अंतर्गत ih,P, अल्कलिनिटी, हार्डनेस, टोटल सॉलिड, क्लोराइड्स, सलफेट, डीओ, बीओडी, सीओडी इत्यादि की जाँच सम्मलित है।

प्रयोगशाला में परीक्षण कार्य

## बीना रिफाईनरी के निर्धारित स्थानों में वायु एवं जल की गुणवत्ता का मूल्यांकन

कार्य का मुख्य उद्देश्य भारत ओमान रिफायनरीज लिमिटेड, बीना के निर्धारित स्थानों में वायु एवं जल की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना था।

परियोजना साईट पर कार्य प्रगति

## मेसर्स ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, केमिकल डिवीजन, बिरलाग्राम, नागदा (म.प्र) में मौजूदा पौली एल्युमिनियम क्लोराइड प्लांट एवं पीएसी प्लांट के प्रस्तावित विस्तार पर प्रदूषण लोड का प्रभाव

इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य मौजूदा पीएसी प्लांट की उत्पादन क्षमता में वृद्धि से उत्पन्न प्रदूषण लोड का मूल्यांकन करना था। इस गतिविधि में मुख्य महत्त्व रसायनों एवं कच्चे पदार्थो के सेवन में आए बदलाव, वायु गुणवत्ता पर प्रभाव तथा जल की आवश्यकता और उसके पुनः उपयोग पर दिया गया था। उल्लेखित कार्य में प्रदूषण लोड का मूल्यांकन पीएसी प्लांट पर किया गया जिसकी उत्पादन क्षमता 28,000 टीपीए तथा प्रस्तावित विस्तार 55,000 टीपीए है। इस परियोजना के अंतर्गत मौजूदा पीएसी प्लांट के लिए जरूरी रसायनों और कच्चे पदार्थों का अनुमान एवं भिन्न रिएक्टर्स/प्रोसेस यूनिट्स के कुशल कार्य हेतु इन–हाउस प्रोसेस मॉडिफिकेशन का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। इसके अतिरिक्त इस परियोजना में प्रक्रिया प्रवाह आरेख, कच्चे पानी की आवश्यकता, अपशिष्ट पानी का उत्पादन, वॉटर रीसायकल, पानी की गुणवत्ता का निरीक्षण, जीरो वॉटर डिस्चार्ज, और फ्युजिटिव एमिशन का आकलन किया गया।

**परियोजना साईट पर कार्य प्रगति**

## कृषि क्षेत्र में फ्लाई ऐश के उपयोग का तकनीकी प्रदर्शन – अदानी पावर महाराष्ट्र लिमिटेड, तिरोडा, गोंदिया, महाराष्ट्र

इस परियोजना का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में अदानी पावर महाराष्ट्र लिमिटेड (ए.पी.एम.एल.), तिरोडा के ताप विद्युत गृह से उत्पन्न हो रही फ्लाई ऐश के सुरक्षित और थोक उपयोग का तकनीकी प्रदर्शन करना एवं लोकप्रिय बनाना है। इस परियोजना के अंतर्गत सी.एस.आई.आर.–एम्प्री एवं ए.पी.एम.एल. द्वारा संयुक्त रूप से 7 फरवरी 2015 को एक "किसान मेला" आयोजित किया गया। इस किसान मेला में तिरोडा के आस–पास के गावों से 78 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया था। इस कार्यक्रम में डॉ. एस. मुरली, प्रमुख वैज्ञानिक द्वारा एम्प्री के निष्पादित कृषि क्षेत्र में फ्लाई ऐश उपयोग संबंधित विभिन्न परियोजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति की गयी। इस विषय पर किसानों को जानकारी देने एवं लाभान्वित कराने हेतु एम्प्री, भोपाल द्वारा निर्मित डाक्यूमेंट्री चलचित्र प्रदर्शित कर किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया गया। इस परियोजना को चार फसल (सीजन) के लिए निष्पादित किया जाना निर्धारित है।

# आंतरिक अनुसंधान एवं विकास गतिविधियाँ

## इलेक्ट्रो हाइड्रोलिक फॉर्मिंग द्वारा Al शीट की फॉर्मबिलिटी पर अध्ययन

Al मिश्र धातु की फॉर्मबिलिटी और इससे संबंधित पहलुओं पर इलेक्ट्रो हाइड्रोलिक फॉर्मिंग (इ.एच.एफ.) द्वारा अध्ययन किया जा रहा है। इ.एच.एफ. एक पल्स पॉवर पद्धति है जो उच्च स्ट्रेन रेट प्रदान करता है जिससे धातु की फॉर्मबिलिटी में वृद्धि होती है। इस कार्य का मुख्य उद्देश्य इ.एच.एफ. और पारम्परिक पद्धति द्वारा फॉर्मबिलिटी का तुलनात्मक अध्ययन करना है। उचित प्रकार के डाई द्वारा इ.एच.एफ. और पारम्परिक पद्धति का टेस्ट किया गया। पैरामीटर जैसे कि गतिरोध दूरी (Stand-off distance), इलेक्ट्रोड गैप (Electrode gap), तार का व्यास (wire diameter) आदि को एक ही अर्धगोल डाई पर बाई–एक्सियल टेस्ट द्वारा ऑप्टिमाइज किया गया। स्टैण्डर्ड सैंपल, जो कि सभी स्ट्रेन को दर्शाए (बाई–एक्सियल, प्लेन से टेंशन–कम्प्रेशन मोड तक), का प्रयोग किया गया। विभिन्न एल. डी.एच. टेस्ट द्वारा गतिरोध दूरी (Stand-off distance) को ऑप्टिमाइज किया गया। 20mm गतिरोध दूरी अधिकतम एल.डी.एच. प्रदान करती है। अध्ययन में इस्तेमाल Al मिश्र धातु के शीट का तुलनात्मक एफ.एल.डी. भी तैयार किया गया है। पारंपरिक फॉर्मिंग विधि की तुलना में इ.एच.एफ विधि से सामग्री के फॉर्मबिलिटी में अच्छा सुधार पाया गया।

इ.एच.एफ डाई

टेस्ट सैंपल




एल.डी.एच Vs गतिरोध दूरी Stand-off distance




Al शीट का तुलनात्मक एफ.एल.डी.

## गामा एलुमिना के नैनोपार्टिकल्स की सिंथेसिस और उसका पानी के शुद्धिकरण में उपयोग

गामा एलुमिना के नैनोपार्टिकल्स का सिंथेसिस सोल–जेल तथा प्रेसिपिटेशन पद्धति से किया गया। प्रेसिपिटेशन प्रक्रम का ऑप्टिमाइजेशन अभी चल रहा है। निर्मित नैनोपार्टिकल्स का उपयोग फ्लोराइड और आर्सेनिक के पानी से निस्पंदन किया गया। प्रारंभिक ऐडसोर्प्शन काइनेटिक्स के अनुसार गामा एलुमिना के निर्मित नैनोपार्टिकल्स फ्लोराइड 14.15 मिलीग्राम/ग्राम तथा आर्सेनिक 1–1.5 मिलीग्राम/ग्राम पानी जिसका पी एच 7 हो, निस्पंदन कर सकते हैं। साथ ही गामा एलुमिना के नैनोपार्टिकल्स युक्त पानी के फिल्टर बनाने का प्रयास किया जा रहा है जो कि पीने के पानी के दूषित तत्वों को अलग कर सके। प्रारम्भ में 5.7 प्रतिशत गामा एलुमिना के नैनोपार्टिकल्स को पानी के फिल्टर में सम्मिहित किया गया। शोध प्रगति पर है।

गामा एलुमिना के संश्लेषित नैनोपार्टिकल्स
(सतह क्षेत्रफल : ~140 m2 /g)

प्रयोगशाला में तैयार जल शुद्धीकरण फिल्टर

## हाइब्रिड वुड सबस्टीट्यूट कम्पोजिट मटेरियल्स

फाईबर रीइनफोर्स्ड कम्पोजिट मटेरियल्स अत्यंत ही प्रॉमिसिंग मटेरियल्स हैं, हाल के कुछ वर्षो में इनका उपयोग काफी बढ़ा है क्योंकि इनसे कई महत्त्वपूर्ण फायदे हैं। कम्पोजिट मटेरियल्स काफी आकर्षक हैं, इसका मुख्य कारण है इनकी उच्च क्षमता तथा साधारण प्रोसेसिंग तकनीकी। भारत में लकड़ी का उपयोग प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिसके कारण हैं बढ़ती कीमतें, वनों की कटाई रोकना, और विभिन्न पर्यावरणीय खतरे जो ग्लोबल वारमिंग को बढ़ावा दे रहे हैं तथा ग्रीन हाउस, गैस इमिशन, तथा हमारे वनों को संरक्षण देना। वास्तुकार, बिल्डर एवं अन्य निर्माण एजेंसी लकड़ी के विकल्प की तलाश में हैं, जिसका मुख्य कारण हैं पर्यावरण संरक्षण तथा इको फ्रेंडली ग्रीन प्रोडक्ट्स को अपनाना।

सी.एस.आई.आर.–एम्प्री ने ऐसी ही एक तकनीक विकसित की है जो औद्योगिक अपशिष्ट, नेचुरल फाईबर एवं पोलिमर्स से हाइब्रिड वुड सबस्टीट्यूट कम्पोजिट मटेरियल्स बनाती है। यह तकनीक पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की फॉरेस्ट पॉलिसी को ध्यान में रखकर विकसित की गई है जिससे कि निर्माण कार्यो में लकड़ी के उपयोग को कम किया जा सके। इसके अतिरिक्त यह औद्योगिक वेस्ट जैसे रेडमड, फ्लाई यश एवं अन्य खनिज वेस्ट, जो पर्यावरण को दूषित कर रहे हैं तथा इकोलोजी सिस्टम को प्रभावित कर रहे हैं, को रोकने में भी कारगर होगा। हाइब्रिड वुड सबस्टीट्यूट कम्पोजिट मटेरियल्स के निर्माण में मुख्य रूप से फ्लाई यश (थर्मल पॉवर स्टेशन से निकलने वाला वेस्ट), रेडमड (एल्युमिना इंडस्ट्रीज से निकलने वाला वेस्ट) नेचुरल फाईबर एवं पोलिमरिक सिस्टम (पोलिस्टर/इपोक्सी रेजीन) का उपयोग किया जाता है। इस विधि में प्रोसेस इंडस्ट्रीयल वेस्ट जैसे रेडमड/फ्लाई एश/मार्बल वेस्ट को पोलिमर के साथ मिलाकर इसमें केटिलिस्ट डालकर, जूट वुवन फेब्रिक मिलाकर आवश्यक

लम्बाई—चौड़ाई के मोल्ड में रख देते हैं। यह इनोवेटिव कम्पोजिट मटेरियल विभिन्न उत्पाद बनाने के काम आ सकता है जैसे दरवाजे, फाल्स सीलिंग, फ्लोरिंग, पार्टिशन, एवं फर्नीचर इत्यादि। यह मटेरियल लकड़ी की तुलना में सस्ता, मजबूत, ड्यूरेबल, इनवारोफ्रेंडली है और निर्माण के क्षेत्र में इसकी उपयोगिता भरपूर है। एम्प्री द्वारा किए गए शोध से पता चलता है कि दूसरे अन्य इंडस्ट्रीयल वेस्ट, मिनरल वेस्ट, मेटेलरजिकल वेस्ट के द्वारा भी यह हाइब्रिड वुड सबस्टीट्यूट कम्पोजिट मटेरियल्स बनाया जा सकता है।

